नवोदय टाइम्स

# UP: नकली नोटों की सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

Updated on 12/2/2019



**नई दिल्ली/टीम डिजिटल।** यूपी (UP) की राजधानी लखनऊ (lucknow) में यूपी एसटीएफ (UP STF) ने कूटरचित भारतीय करेंसी नोटों ( fake currency) की सप्लाई करने वाले गिरोह (Gang) का भंडाफोड़ किया साथ ही इस गिरोह से जुड़े हुए दो सदस्यों को गिरफ्तार भी कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से एसटीएफ की टीम ने 0 9,400/- भारतीय करेंसी बरामद करने में उल्लेखनीय सफलाता प्राप्त हुई।

**कानपुर के निवासा है आरोपी**

एसटीएफ की टीम ने रू. 100/- के 84 नकली नोट कुल रू. 8400, रू. 200/- के 05 नकली नोट कुल रू. 1000, एक मोबाईल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम अमित राठौर पुत्र शिव प्रसाद राठौर निवासी राजीपुर थाना बिल्हौर जनपद कानपुर नगर, अवधेष सिंह पुत्र नरेश सिंह चन्देल निवासी विनगवाॅ मौरंग मण्डी थाना बिधनू जनपद कानपुर नगर बताया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना हरवंशमोहाल, जनपद कानपुर नगर में मुकदमा पंजीकृत कराकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

**एसएसपी एसटीएफ राजीव नारायण मिश्र ने बताया...**

एसएसपी एसटीएफ राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि हम लोग कई महीनों से फेक करेंसी बनवाकर सप्लाई का काम करते है। शुरूवात में हम लोगों द्वारा पहले प्रिन्टर से प्रिन्ट की हुई जाली करेन्सी सप्लाई की गयी लेकिन वह जल्द जनता की पकड़ में आ जाती थी, क्योंकि उसमें सिक्यूरिटी थ्रेड नही होता था इस लिए जनता उसको आसानी से पहचान लेती थी।

**वाटर मार्क को बनाने मे कये प्रयास**

इसके बाद हम लोगों द्वारा उसमें सिक्यूरिटी थ्रेड डालकर नकली जाली करेंसी बनाना शुरू किया, जो हू-बहू असली जैसी दिखती है। परन्तु इसमें गाँधी जी का वाटर मार्क नही है। इस वाटर मार्क को डेवलप करने के लिए हम लोगों द्वारा तरह-तरह के प्रयास किये जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिए गये।

**छोटे नोट बनाते थे ज्यादा**

आगे पूछताछ पर बताया कि हम लोग 200, 100 व 50 के नोटों को ज्यादा बनाते थे, क्यों कि इन नोटों को लोग बिना ध्यान दिये स्वीकार कर लेते है। जबकि 500 व 2000 के नोट को लेने में काफी एहतियात बरतते है। इन लागों से मिली अन्य जानकारी के आधार पर इस गैंग के सदस्यों एवं इनके अन्य ठिकानों, उपकरणों व जाली करेन्सी की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

Source: https://www.navodayatimes.in/news/crime-plus/up-police-caught-gang-of-fake-currency-seller/130847/